**प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष–2023**
**पर्चा डिक्री**
**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व), नोहर जिला हनुमानगढ**

पीठासीन अधिकारी का नाम : **सत्यनारायण (आर०ए०एस०)**
प्रकरण संख्या –32/2023
अनवान : –

1. सोहन पाल पुत्र चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।

– **वादी**

**बनाम्**

1. चोखाराम पुत्र भानीराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
2. अनिल कुमार पुत्र चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
3. रोशनी पुत्री चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
4. सुनिता पुत्री चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– **प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 88, 89 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 32 सन 2023 निर्णय दिनांक 20.06.2023**

आज यह वाद प्रशासन गांव के संग अभियान – 2023 कैम्प में मुझ सत्यनारायण उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष उभयपक्षों की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं आपसी सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर के खाता संख्या 96/80 की कुल तादादी 30.3510 हैक्ट भूमि में से 1/5 हिस्सा भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में प्रतिवादी संख्या 1 की बजाय वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 तथा प्रतिवादी संख्या 2 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश नहीं हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 20/6/23 को प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2023 में मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई।

(सत्यनारायण R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर नोहर
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष–2023
कैम्प कोर्ट–चक सरदारपुरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 18:00:21 IST
Reason: SelfAttested

## प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष–2023

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व), नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **सत्यनारायण (आर०ए०एस०)**

प्रकरण संख्या –32/2023

अनवान : –

1. सोहन पाल पुत्र चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।

– **वादी**

**बनाम्**

1. चोखाराम पुत्र भानीराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
2. अनिल कुमार पुत्र चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
3. रोशनी पुत्री चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
4. सुनिता पुत्री चोखाराम जाति जाट निवासी ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर।
5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– **प्रतिवादीगण**

**राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88, 89**

उपस्थिति :– श्री नरेन्द्र कुमार जोशी अधिवक्ता **वादी**

**निर्णय** **दिनांकः 20.06.2023**

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88, 89 के तहत इस आशय का पेश किया गया की रोही मौजा ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर के खाता संख्या 96/80 की कुल तादादी 30.3510 हैक्ट भूमि में से 1/5 हिस्सा भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा हरचन्द पुत्र माडू के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड थी उनकी फौतदगी के बाद प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज हुई। उपरोक्त भूमि वादी की दादालाई पैतृक कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्म जात हक हिस्सा है। कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण प्रतिवादी संख्या 1 के अकेले के नाम दर्ज हो गई। उक्त वाद भूमि में वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 4 का वादी के साथ बहिब हक हिस्सा है।

प्रतिवादीया संख्या 3 ता 4 जो की वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 की बहिन एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है उक्त वाद भूमि में कोई हक हिस्सा नही लेना चाहती है। अपना समस्त हक हिस्सा अपने भाईयों एवं पिता के पक्ष में परित्याग कर दिया है। बाद हक त्याग रोही मौजा ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर के खाता संख्या 96/80 की कुल 30.0510 हैक्ट भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज 1/5 हिस्सा भूमि में वादी, प्रतिवादी संख्या 1 व प्रतिवादी संख्या 2 बहिब के खातेदार काश्तकार है। वादी जिसकी न्यायालय से घोषणा करवा पाने के अधिकारी है। यही बिनाय दावा है।

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 18:00:21 IST
Reason: SelfAttested

वादी ने प्रतिवादी स0 1 को कई दफा कहा की वादी के हक हिस्सा को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक तो आजकल आजकल करते रहे किन्तु अंत में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है। वादी का वाद डिक्री फरमावें।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को तलब किया गया। प्रतिवादीगण स0 1 ता 4 ने उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए जवाब इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी डिक्री फरमाया जाता है तो हम प्रतिवादीगण को कोई एतराज नही है।

प्रकरण में प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 4 का इकबाल/आपसी सहमति मजमें आम में होने के कारण अन्य किसी कार्यवाही की आवश्यकता नही रही।

साक्ष्यवादी में वादी द्वारा शपथ पत्र बाबत मुख्य परीक्षा पेश कर अपने द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेज सही होना स्वीकार किया गया।

पत्रावली प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष–2023 में पेश हुई वादी के अधिवक्ता ने निवेदन किया की प्रकरण में प्रतिवादीगण स0 1 ता 4 ने वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल/आपसी सहमति पेश हो चुकी है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही हैं। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

हमने उभयपक्षों को सुना, पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर के खाता संख्या 96/80 की कुल तादादी 30.3510 हैक्ट भूमि में से 1/5 हिस्सा भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, उक्त वाद भूमि प्रस्तुत दस्तावेजात से हिन्दु परिवार की साझाा आय से अर्जित पैतृक दादालाई कृषि भूमि होना साबित है। वादी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र एवं पत्रावली में दर्शायें गये सजरा खानदान के अलावा प्रतिवादी सं0 1 के अन्य कोई भी वारिस नहीं होना स्वीकार किया गया है। प्रतिवादीगण स0 3 व 4 ने अपना हक हिस्सा त्याग कर शुन्य कर लिया। प्रतिवादीगण स0 1 ता 4 द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया गया है कि वाद वादी डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण स0 1 ता 4 को कोई एतराज नही है। वादी के वाद को प्रतिवादीगण स0 1 ता 4 के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबूतों के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

## क्रियात्मक आदेश

अतः वाद वादी प्रतिवादीगण की सहमति एवं वादी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबूतों के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा ढाणी भाम्भुआन तहसील नोहर के खाता संख्या 96/80 की कुल तादादी 30.3510 हैक्ट भूमि में से 1/5 हिस्सा भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में प्रतिवादी संख्या 1 की बजाय वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 तथा प्रतिवादी संख्या 2 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 18:00:21 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर।

संलग्न 500/— रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश नहीं हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हों।

निर्णय आज दिनांक 20/6/23 को प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष — 2023 में मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर नोहर
प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष—2023
कैम्प कोर्ट—चक सरदारपुरा

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 18:00:21 IST
Reason: SelfAttested